तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 31 मई 2025

14 खेल से मिलती है अनुशासन की शिक्षा : निखिलकांत

14 सुदूर वनांचल में शिक्षा, संस्कृति और नवाचार ...




## खबर संक्षेप

### बीज निगम अध्यक्ष का दुर्ग प्रवास आज



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 31 मई को दुर्ग जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार चंद्राकर प्रातः 10 बजे निज निवास महासमुंद से दुर्ग जिले के रुआबांधा के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां वे दोपहर 12 बजे बीज प्रक्रिया केंद्र रुआबांधा में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल होकर बीज उत्पादक किसानों से चर्चा कर प्रक्रिया केंद्र का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे।



### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में एक युवक के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थीऋषभ देवांगन ने बताया कि 27 मई को धनेश देवांगन के घर में शादी थी, जहां उसका बाजा वालों के साथ विवाद हो गया। इस बात को लेकर 28 मई की शाम करीब 5 बजे धनेश घर के सामने में प्रार्थी के साथ विक्की साहू, अनुज विश्वकर्मा और हिमेश साहू ने मारपीट कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### पिता-पुत्र के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम जोबा में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट तुमगांव थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी हेमंत ने बताया कि हेमंत 29 मई की रात करीबन 8.45 बजे वह बंशीलाल के किराना दुकान से राशन सामान लेकर घर लौट रहा था, उसी समय गांव के लेखराम ओगरे, लेखचंद ओगरे, भुनेश्वर ओगरे और यशवंत ओगरे ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आए उसके पिता भंवरसिंग के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## आक्रोश : युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक संगठनों ने खोला मोर्चा

# कल से शुरु हो रही काउंसिलिंग रोकन की मांग, शिक्षकों की हड़ताल आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के 440 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया

- दो का अल्टीमेटम देने के बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर 31 से संभाग स्तरीय हड़ताल

जाएगा। शासन ने इसके लिए आदेश भी जारी कर दिया है। इधर, स्कूल और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश के कई शिक्षक संगठन एकजुट होकर इसका विरोध कर रहे हैं। इसी तारतम्य में युक्तियुक्तकरण के विसंगतियों को दूर करने तथा 2008 के सेटअप के अनुसार युक्तियुक्तकरण करने साझा मंच ने सरकार को 02 दिन का अल्टीमेटम दिया था, पर मांग पूरा न होने के कारण आज 31 मई से संभाग स्तरीय बेमियाद हड़ताल शुरू होने जा रही है।

छग सर्व शिक्षक साझा मंच जिला महासमुंद ने जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में जिला के समस्त शिक्षक संवर्ग से युक्तियुक्तकरण के विरोध में जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में तूता रायपुर धरनास्थल पहुंचने की अपील की है।

मिली जानकारी के अनुसार ऐसे स्कूल जो एक ही परिसर में संचालित किए जा रहे हैं, ऐसे 432 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में एक किलोमीटर के दायरे में संचालित आठ स्कूलों का युक्तियुक्तकरण होगा। इस तरह जिले के 440 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण होने जा रहा है।

इसका सीधा असर जिले के कई शिक्षकों पर पड़ेगा। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार युक्तियुक्तकरण में ऐसे स्कूल ज्यादा हैं, जहां एक ही परिसर में प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल हैं। कांकेर 596, रायगढ़ 557, कोरबा 469, बिलासपुर 441 के बाद महासमुंद पांचवें क्रम में है।

यहीं सबसे ज्यादा स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। महासमुंद जिले में टी वर्ग में एक भी स्कूल नहीं आता है। सभी स्कूल ई-वर्ग के युक्तियुक्तकरण किया जाएगा।

## युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग को स्थगित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सर्व शिक्षक साझा मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण नीति के खिलाफ जिला महासमुंद में 1 जून से हो रहे काउंसिलिंग को निरस्त करने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह तथा जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे से भेंटकर ज्ञापन सौंपा। मंच ने कहा है कि जब तक युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों को दूर नहीं किया जाता है तब तक काउंसिलिंग की प्रक्रिया को स्थगित किया जाए। विसंगतियों को दूर किए बिना अगर काउंसिलिंग किया जाता है तो सर्व शिक्षक साझा मंच महासमुंद इस प्रक्रिया को बहिष्कार करने को बाध्य होगा। जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी विजय लहरे ने बताया कि युक्तियुक्तकरण को लेकर सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। नियम के तहत ही



स्कूल व शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षक संगठन में भारी आक्रोश भी देखा जा रहा है। आंदोलन के लिए भी रणनीति बनाई गई है।

### 2008 के सेटअप के अनुसार हो युक्तियुक्तकरण

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में इन दिनों शिक्षा विभाग के अफसर सरकार को भ्रम में रखकर एक ऐसा सेटअप तैयार कर रहे हैं, जो कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर देगा। उन्होंने कहा कि 31 मई से अनिश्चित कालीन आंदोलन की रणनीति बनाई गई है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि युक्तियुक्तकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन युक्तियुक्तकरण करना है तो 2008 के सेटअप के अनुसार करें।

### युक्तियुक्तकरण के ये होंगे फायदे

शिक्षक विहीन स्कूल और एकल शिक्षक वाले स्कूलों की समस्या दूर होगी। एक परिसर में स्थित प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल एक होंगे। स्कूलों के संचालन का खर्च घटेगा और जिन स्कूलों में छात्र नहीं हैं या कम हैं, वहां के स्कूलों के शिक्षकों को ऐसे स्कूल भेजा जाएगा। जहां छात्र ज्यादा हैं और शिक्षक कम हैं। स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर तरीके से उपयोग किया जा सकेगा।

## केबल वायर की चोरी करते दो चोर रंगेहाथ पकड़ाए



**धमतरी।** दिनदहाड़े मोटरपम्प में लगे केबल वायर की चोरी कर रहे दो युवकों को वार्डवासियों ने पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं आरोपियों से चोरी हुए केबल वायर को जब्त किया गया है।

- वार्डवासियों ने आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द किया

ग्रामीण अंचल के खेतों मे केबल वायर चोरी की घटना लगातार आ रही है। सक्रिय चोर गिरोह खेतों में स्थित मोटरपम्प में लगे केबल वायर को निशाना बना रहा है। केबल चोरी की घटनाओं से किसान परेशान हैं। घटना की संबंधित थानों में शिकायत भी की जा चुकी है। जिस पर पुलिस एक्शन लेते हुए केबल वायर चोरों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई भी कर चुकी है। इसके बाद भी केबल वायर चोरी की घटना रूकने का नाम नहीं ले रही है। केबल वायर चोर अब खेतों को छोड़ शहर में स्थित मोटरपम्प में लगे केबल वायर को टारगेट कर रहे हैं। शुक्रवार को दो युवकों को बठेना वार्ड में केबल वायर की चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया है। जिला जेल के पीछे बठेना वार्ड के एक घर में मोटरपम्प लगा हुआ है। शुक्रवार की सुबह दो युवक मोटरपम्प में लगे केबल वायर को निकालकर बोरी में भर रहे थे जिस पर मकान मालिक, वार्डवासियों की नजर पड़ गई। दिनदहाड़े केबल वायर की चोरी करते देख लोगों ने युवकों को दौड़ाकर पकड़ा और कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी सांवत कुमार अभनपुर निवासी व कमल देवांगन रामपुर वार्ड हैं। आरोपी भागने की तैयारी में थे। उक्त केबल तांबे के तार को निकालकर बेचने से मिली राशि को बंटवारा किया जाना था। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## मौसम की मार से किसान बेहाल, तैयार धान फसल बर्बादी की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

किसानों की हालत इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। रबी सीजन की धान फसल जो पिछले एक महीने से खेतों में पककर तैयार खड़ी है, वह अब मौसम की मार और कीट प्रकोप की वजह से बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है।

राज्य में धान की खेती बड़े पैमाने पर होती है, और ग्रीष्म ऋतु में भी अत्याधुनिक तकनीकों की सहायता से किसान धान उत्पादन में जुटे रहते हैं। अच्छी जल उपलब्धता और शासन की योजनाओं के चलते किसान आधुनिक खेती की ओर अग्रसर तो हुए हैं, लेकिन मौसमी अनिश्चितताओं और बढ़ती लागत ने उनकी कमर तोड़ दी है। खेती में अब अधिकतर काम मशीनों के भरोसे होता है। बोआई से लेकर कटाई तक। ऐसे में डीजल, खाद और कीटनाशक दवाओं की बढ़ती कीमतें किसानों पर अतिरिक्त भार डाल रही हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अप्रैल महीने से तैयार फसल लगातार खेतों में खड़ी है, लेकिन बेमौसम बारिश



और खेतों की गीली मिट्टी के कारण हार्वेस्टर मशीनें खेतों तक पहुंच नहीं पा रही हैं।

वहीं फसलों पर भूरा माहो जैसे कीटों का प्रकोप भी देखने को मिल रहा है, जिससे नुकसान और बढ़ गया है। स्थानीय किसान बताते हैं कि उन्होंने काफी लागत लगाई थी और अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन अब उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। सरकार से अपील है कि समय रहते राहत और मुआवज़े की व्यवस्था की जाए, अन्यथा किसान कर्ज के बोझ तले दब जाएंगे। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन किसानों की इस स्थिति पर कितना गंभीरता से ध्यान देता है और जल्द कोई राहत योजना सामने लाता है या नहीं।




## खल्लारी क्षेत्र की लंबित मांग पूर्ण अमेरा से बोईरगांव तक बनेगी सड़क

### विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



- ग्राम अमेरा से बोईरगांव तक नई पक्की सड़क निर्माण को छत्तीसगढ़ शासन ने आधिकारिक मंजूरी दे दी

खल्लारी विधानसभा क्षेत्रवासियों वर्षों से लंबित सड़क निर्माण की मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। ग्राम अमेरा से बोईरगांव तक नई पक्की सड़क निर्माण को छत्तीसगढ़ शासन ने आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इस मांग के पूर्ण होने का श्रेय छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव को है, जिनका प्रयास रंग लाया।

### राज्य शासन से मिली स्वीकृति, निविदा प्रक्रिया चालू

शासन से प्राप्त पत्र के अनुसार, इस सड़क निर्माण को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री कार्यालय से आधिकारिक जानकारी खल्लारी विधायक यादव को भेजी गई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि अमेरा से बोईरगांव तक की सड़क निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रारंभ की जा रही है।

### ग्रामीणों में खुशी की लहर

अमेरा और बोईरगांव पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों में इस स्वीकृति की खबर पाते ही ग्रामीणों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति जताते हुए कहा कि यह सड़क उनके जीवन में प्रगति की राह खोलेगी।

### विकास की मिलेगी नई दिशा

यह सड़क निर्माण केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं, बल्कि खल्लारी क्षेत्र के समग्र विकास की नींव है। इस निर्णय से क्षेत्र में किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुँचाने में सुविधा होगी। बीमारों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल-कॉलेज तक आना-जाना आसान होगा। व्यापारियों और स्वरोजगार करने वालों को नए अवसर मिलेंगे।

## चाकू लहराकर डराने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना पुलिस ने अवैध रूप से हथियार रखकर लोगों को डराने का प्रयास कर रहे युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि बंसुला चौक बसना में आरोपी संजय दास पिता घसिया दास (29 साल) महल पारा सरायपाली हॉल मुकाम वार्ड नं 4 बसना के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू को गवाहों के समक्ष जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर ज्यूडिसियल रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है।

## खबर संक्षेप



### कक्षा 11वीं-12वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 1 से

**बसना**। पीएमश्री सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल बसना में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं एवं 12वीं में प्रवेश प्रक्रिया आगामी 1 जून 2025 से प्रारंभ हो रही है। विद्यालय में विज्ञान संकाय (बायोलॉजी ग्रुप), गणित संकाय एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विद्यालय के प्राचार्य केके पुरोहित के निर्देशन में इस प्रवेश प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न किया जाएगा। पुरोहित ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को न केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा दी जाती है, बल्कि उन्हें नवाचार, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, तकनीकी शिक्षा और व्यक्तित्व विकास जैसे क्षेत्रों में भी सक्षम बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

### उपभोक्ता भंडार में चोरी नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार

**रायपुर**। मौदहापारा थाना क्षेत्र के दुर्गा कॉलेज के पास सहकारी उपभोक्ता भंडार में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। शादाब अली की शिकायत पर पुलिस ने शहबाज खान उर्फ सब्बू, हामिद अली, मुनीर अहमद उर्फ बब्बू तथा एक नाबालिग को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाश सहकारी उपभोक्ता भंडार के शटर का ताला तोड़ गल्ले में रखे नकदी दो लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिए थे। चोरी करते बदमाशों का पुलिस को सीसीटीवी फूटेज मिला था।

### सोशल मीडिया पर पोर्न वीडियो अपलोड, एक गिरफ्तार

**रायपुर**। राजधानी में साइबर अपराध से जुड़े एक गंभीर मामले में आजाद चौक थाना पुलिस ने महिलाओं और बच्चों से संबंधित आपत्तिजनक और अश्लील वीडियो व चित्रों को सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय नाग निवासी डबरीपारा रामकुंड के रूप में की गई है। यह कार्रवाई साइबर सेल को नई दिल्ली से प्राप्त एक विशेष रिपोर्ट के आधार पर की गई।

# निगम अध्यक्ष के प्रयासों से किसानों की समस्याओं का हो रहा समाधान : देवेंद्र

## अपने ही पंचायत में खाद, बीज मिलने से किसानों के समय व राशि की होगी बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने प्रदेश सरकार द्वारा किसान हित में लिए जा रहे निर्णयों को सुशासन की दिशा में एक और बेहतर कदम बताया है। उन्होंने कहा कि चंद्रहास चंद्राकर छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष बनने के बाद लगातार किसानों की समस्याओं से अवगत हो रहे हैं। प्रदेशभर के बीज प्रक्रिया केंद्रों में किसान संगोष्ठी के माध्यम से निगम अध्यक्ष द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान कर उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाई जा रही है। साथ ही आवश्यकतानुसार समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया जा रहा है।

देवेंद्र ने कहा कि बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर द्वारा लगातार बीज उत्पादक कृषकों से मुलाकात कर उन्हें गुणवत्ता पूर्ण बीजोत्पादन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं, विभागीय अधिकारियों को खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण करने के निर्देश भी दे रहे हैं। उनकी सक्रियता से किसानों को समय पर खाद-बीज, ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा रहा है।



श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों सहित महासमुंद जिले के 193 पंचायतों में सहकारी समितियों के गठन करने की जानकारी मिल रही है। यदि, पंचायतों में समितियों का गठन हुआ तो किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। गावों में सहकारी समितियों का गठन किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करने और उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। पंचायतों में सहकारी समिति नहीं होने के कारण कृषकों को खाद, बीज और कृषि ऋण लेने के लिए अपने गांव से लंबी दूरी तय कर अन्य पंचायत जाना पड़ता है जहां सोसायटी है। बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर के प्रयासों से लगातार किसानों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। लगातार मुख्यमंत्री को किसानों की समस्याओं से अवगत करा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पंचायतों में ही एक-एक सहकारी समिति खोलकर किसानों को राहत प्रदान करने का निर्णय लिया है।

देवेंद्र ने कहा कि पंचायतों में सहकारी समिति के अंतर्गत सोसायटी खुलने से पुरानी सोसायटियों का भार कम होगा। जिससे किसानों को लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। एक-एक सोसायटियों पर वर्तमान में 10-15 पंचायतों का भार है। अब चिन्हित पंचायतों में एक-एक समिति बनने से किसानों को अपने ही गाँव में खाद-बीज आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। उन्हें लंबी कतारों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं, किसानों का समय व धन की बचत होगी। उन्होंने कहा कि इस बार मानसून जल्दी आने से किसान खरीफ की तैयारी कर रहे हैं। सरकार ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी समितियों में खाद, बीज का पर्याप्त भंडारण कर रखा है।

किसान खाद, बीज लेने समिति पहुंच रहे हैं। शासन द्वारा लगातार किसान हित में लिए जा रहे फैसले से प्रदेश के किसान खुशहाल व हर्षित हैं। केंद्र सरकार ने धान के समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी भी कर दी है। इससे किसानों में दोगुनी उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि सुशासन की सरकार में किसानों को खेती में बेहतर लाभ मिल रहा है।

# नवीन शौचालय निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका टीम के साथ बाजार वार्ड नवीन शौचालय निर्माण एवं पानी निकासी व्यवस्था को लेकर स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार तथा सब इंजीनियर को लोगों की सुविधाओं, कार्यों में गुणवत्ता तथा समय सीमा को ध्यान में रखकर निर्माण कार्य के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा बाजार वार्ड के व्यवसायियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। व्यापारियों तथा बाजार आने वाले आम नागरिकों को स्वच्छ माहौल उपलब्ध हो पालिका इस पर कार्य कर रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बाजार वार्ड के व्यापारी गण उपस्थित थे।

# डिलीवरी बॉय की तरह घूम-घूमकर शराब बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में दूसरे राज्यों की लेबल लगी शराब की जमकर तस्करी और बिक्री हो रही है। आबकारी विभाग की कार्रवाई में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें आरोपियों के कब्जों से दूसरे राज्यों के लेबल लगी शराब बरामद की गई है। विभाग ने इन मामलों में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा है। इसके बाद भी जिले में दूसरे राज्य की शराब की बिक्री और परिवहन पर पूर्ण रूप से रोक नहीं लग पा रही है। विभाग ने गुरुवार को ऐसे ही अन्य दो प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन दोनों के कब्जे से मध्यप्रदेश की लेबल लगी महंगी शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए दोनों व्यक्ति डिलीवरी बॉय की तरह दोपहिया वाहन में घूम-घूमकर शराब अवैध रूप से बेचा करते थे।




### जॉनी वॉकर, ब्लैक लेबल- रेड लेबल सहित महंगी

जिला आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि अवैध रूप से शराब की बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कई कार्रवाई मुखबिर से मिली सूचनाओं पर की जा रही है। इसी कड़ी में विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्र में डिलीवरी बॉय की तरह दोपहिया वाहन में घूम-घूमकर शराब बेचा करते हैं। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर टीम ने एक आरोपी उमाकांत सामंता निवासी खमतराई मूलतः ओड़िशा बॉर्डर बंगाल को आंबेडकर अस्पताल के सामने से गिरफ्तार किया। वह दोपहिया वाहन में सवार था तथा अपने वाहन में एक डिलीवरी बॉय का बैग सामने रखा हुआ था, वहीं पीठ में भी एक बैग टांगा हुआ था। इन दोनों बैग की तलाशी लेने पर उसमें से मध्यप्रदेश की लेबल लगी जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल 10 बोतल के साथ छत्तीसगढ़ की बडवाइजर मैग्नम बीयर 7 बोतल एवं कैन बीयर 2 जब्त की गई है। इसी प्रकार दूसरा आरोपी कमलाकर मिश्रा निवासी राजीव नगर शंकर मूलतः मध्यप्रदेश को शंकर के पास गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से भी मध्यप्रदेश राज्य की जॉनी वॉकर रेड लेबल 4 बोतल सहित ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की जब्त की है। दोनों के कब्जे से कुल 20 लीटर शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 60 हजार 590 रुपए है। इन दोनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36, 59(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

# हाथीबाहरा में लगा समाधान शिविर, राशन कार्ड वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन त्यौहार मनाया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के माध्यम से शासन-प्रशासन तक निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

इसी तारतम्य में 30 मई 2025 को महासमुंद जिले के खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्र के 11 पंचायत सहित ग्राम पंचायत हाथीबहारा में समस्या निवारण के लिए समाधान शिविर आयोजित की गई। उक्त शिविर में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर, तहसीलदार उमेश साहू, बागबहरा/कोमाखान तहसीलदार, जनपद पंचायत बागबाहरा मुख्य कार्यपालन अधिकारी मंडावी, जनपद सदस्य बागबाहरा लोचन पटेल सहित समस्त विभागीय अधिकारी/कर्मचारीगण एवं 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचगण एवं क्षेत्र के जनपद पंचायत बागबाहरा के सम्माननीय सदस्य गण, जनप्रतिनिधि गण, क्षेत्रीय नेतागणों की उपस्थिति में हुआ।

उक्त समाधान शिविर के माध्यम से उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने विभागीय जानकारी सहित प्राप्त प्रमुख मांगों एवं शिकायतों के निराकरण की विस्तृत जानकारियां प्रस्तुत की एवं अतिथिगणों द्वारा छः माह के बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, किसानों को उच्च गुणवत्ता की धान ट्राइसाइकिल, बीज सहित आवास हितग्राहियों को आवास का चाबी वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा कार्ड आदि का वितरण किया गया।

इस अवसर पर शिविर के अंतिम चरण के सफल संचालन में समस्त मंचीय अतिथि सहित समस्त अधिकारी कर्मचारीगण, जनपद सदस्य गण, सागर चंद्राकर सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत हाथीबाहरा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दुबेलाल साहू, लोकेश पनुरिया खल्लारी मंडल अध्यक्ष, कोमाखान मंडल अध्यक्ष नितिन जैन, लोकेश पनुरिया मंडल अध्यक्ष खल्लारी, रूपेश साहू, मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण, डाली डिंपल ध्रुव मंडल अध्यक्ष बागबाहरा शहर, लेखमणि पटेल, किरण यदु, गुलशन कुमार, परमेश्वर सोनवानी, भीमा साहू, आशीष गुप्ता, परमेश्वर पटेल, महामंत्री युवा मोर्चा हीरा साहू, माधव मांझी, अजय ध्रुव उपाध्यक्ष जनजाति मोर्चा बागबाहरा ग्रामीण, आदिवासी युवा प्रभाग ओमप्रकाश ध्रुव सहित अधिक संख्या में क्षेत्र के 11 पंचायतों के सरपंच गण सहित ग्रामीण जन प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ रवाना

अभियान को प्रधानमंत्री की मंशा कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से देश की कृषि और किसानों को सम्पन्न बनाने की रही है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारत सरकार द्वारा दिनांक 29 मई से 12 जून 2025 तक देशव्यापी ₹विकसित कृषि संकल्प अभियान₹ प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है! राज्य सरकार द्वारा भी राज्य के कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि उद्यानिकी, पशुपालन एवं मछलीपालन विभाग के अधिकारियों की सहभागिता द्वारा अभियान को क्रियान्वित किया जाएगा।

# अन्नदाताओं के हित में कार्य कर रही मोदी सरकार, एमएसपी बढ़ने से मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार द्वारा 2025-26 के खरीफ सीजन के लिए 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। खरीफ फसलों के लिए 2.07 लाख करोड़ रुपए की एमएसपी को केंद्र सरकार ने मंजूरी दी है। इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि होने से अन्नदाताओं को लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार किसानों के लिए नई-नई योजनाओं को लागू कर उनकी आय में वृद्धि करने का कार्य कर रही है। साथ ही राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने भी किसानों के हित में कई बड़े फैसले लिए हैं। इस प्रकार डबल इंजन की सरकार से किसान भाइयों को डबल लाभ मिल रहा है।



उन्होंने आगे कहा है कि राज्य के अन्नदाताओं के लिए कृषक उन्नति योजना लागू कर सरकार ने उनका सम्मान बढ़ाया है। धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल करने से किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान जो वादा हमने किया था, वो निभा रहे हैं। किसानों को उनकी मेहनत की सही कीमत देने के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पित है। केंद्र एवं राज्य की किसानों के लिए बनाई गई योजनाओं से किसान लाभान्वित होकर खुशहाल हो रहे हैं। हमारी डबल इंजन सरकार का लक्ष्य हर वर्ग को लाभ पहुंचाना है। किसान, महिलाओं, युवाओं के लिए सरकार अनेक योजनाएं चला रही है।

# नगर में श्रीराम कथा का आयोजन 3 से, हुई तैयारी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी ब्रम्हचारी संत आनंद महाराज ऋषिकेश का नगर में आगमन हो रहा है। 03 जून 2025 मंगलवार से 09 जून सोमवार तक स्वामी आनंद महाराज का दुर्लभ सत्संग एवं श्रीराम कथा आयोजन किया जा रहा है। आयोजक समिति के चंद्रशेखर साहू ने बताया कि स्वामी का मुख्यालय ऋषिकेश है। स्वामी पूरे वर्षभर भारत भ्रमण कर सत्संग करते है। इस समय वे छत्तीसगढ़ में 02 माह का समय दे रहे है। छत्तीसगढ़ के 06 से 08 नगरों में वे सत्संग कर रहे हैं। स्वामी राष्ट्र संत रामसुख दास महाराज की परंपरा



वाले संत है, वे अपने सत्संग के लिए कोई धन स्वीकार नहीं करते हैं, वे स्वागत माला पहने एवं फोटो खिंचवाने, चरण स्पर्श कराने से भी परहेज करते है। स्वामी व्यास पीठ पर धन अथवा कोई वस्तु अर्पण करने की सक्त मनाही होती है। प्रवचन प्रतिदिन निर्धारित समय पर होता है। स्वामी का प्रवचन प्रतिदिन प्रातः 05 से 6:30 तक सरस्वती शिशु मंदिर भलेसर रोड प्रांगण में होगा। प्रातः 6:30 बजे से 07 बजे तक संकीर्तन के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी। तत्पश्चात दोपहर 03 बजे से 3:30 बजे तक भजन व दोपहर 3:30 से 6:30 तक सत्संग एवं श्रीराम कथा होगी। सत्संग एवं आध्यात्मिक चर्चा के लिए स्वामी रात्रि 8:30 से 9:30 तक समय देंगे। उक्त कार्यक्रम स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीराम कथा आयोजन समिति की बैठक में तय की गई। बैठक में समिति के भूपेंद्र राठौर, बद्री प्रसाद महेश्वरी, चंद्रशेखर साहू, तिलक साव, हेमंत सिन्हा, गौकरण साहू, राजेश डडसेना, चंद्रबदन मिश्रा, राधेश्याम सोनी, अश्वनी तिवारी, उमेश भारतीय गोस्वामी, धर्मेंद्र डड़सेना, चेतन प्रसाद साहू, परमेश्वर डड़सेना, चंदन डड़सेना, छन्नूलाल साहू, छगन श्रीवास, केवल साहू उपस्थित थे। आयोजन समिति ने नगर एवं आस-पास गांवों के लोगों से सत्संग में शामिल होने की अपील की है।



# अच्छा मानव बनने की समझ और शिक्षा देता है जीवन विद्या: कोकड़िया

**पटेवा**। निशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम तहत जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान के तहत मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही से शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने 25 गांवों के 25 स्कूलों से आए 250 बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों, समाज सेवकों, जनपद सदस्यों, जनपद अध्यक्ष, सरपंच, पंचों को संबोधित करते हुए बच्चों में जीवन विद्या शिविर से आने वाले बदलावों को रेखांकित करते हुए बताया कि जीवन विद्या शिविरों से बच्चा मानसिक तनाव ग्रस्त नहीं होता, डिप्रेशन में नहीं जाता, संबंध और संबंधों का महत्व और प्रयोजन समझने के कारण परिवार में माता-पिता, दादा -दादी, भाई-बहन के साथ पूरकता पूर्वक जीता है, प्रकृति के हरेक इकाई का महत्व समझता है, 9वीं से कॉलेज की पढ़ाई करने वाले बच्चों ने जाना कि सबसे पहले हम सबको जीवन विद्या शिविर करना है। राखी कोकडिया ने मानवीय संबंधों, मानवीय परंपरा को जागृत करने में महिला शक्ति का महत्व और भूमिका पर प्रकाश डाला। शिक्षक रविंद्र साहू ने बच्चों को संस्कारी बनाने के लिए माता पिता और शिक्षक को स्वयं संस्कारी होने पर बल दिया। गिरधारी साहू ने साहू समाज की पहल को महत्व पूर्ण और अनुकरणीय बताया। डीआर साहू ने बच्चों के अभिभावकों को कार्यक्रम में भेजने के लिए साधुवाद दिया। सुनील शर्मा तुमगांव ने गौ पालन और खेती को सबसे बढ़िया किसान, समृद्ध किसान का आधार बताया। कार्यक्रम, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और व्यवस्थित कार्यक्रम के लिए रागेश्वर ने मानव समाज और अच्छा आदमी बनाने के लिए जीवन विद्या शिविर को सबसे बड़ा पहल बताया है।

# हिंदी विभाग शोध केंद्र में हुई प्रथम डीआरसी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में शोध केंद्र की अध्यक्ष प्रो. करुणा दुबे प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं शोध निर्देशिका डॉ दुर्गावती भारतीय, डॉ सीमा रानी प्रधान, डॉ सरस्वती वर्मा डॉ अनिल भतपहरी इन सभी विद्वान शोध निर्देशकों के निर्देशन में शोधार्थियों की प्रथम डीआरसी बैठक हुई।



इस बैठक में शोधार्थियों से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के साथ-साथ शोध विषय रुचि हेतु जानकारी ली जाती है। यह पीएचडी उपाधि हेतु शोध की प्रवेशिका संबंधी प्रथम बैठक होती है। डॉ दुर्गावती भारतीय के निर्देशन में भागवत सिन्हा रिसर्च स्कॉलर बने एवं डॉअनिल भतपहरी, उप संचालक, उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के निर्देशन में कंगल दास लहरे रिसर्च स्कॉलर है। इस बैठक में इस केंद्र के अन्य शोधार्थियों की उपस्थिति रही, जिसमें डॉ सीमा रानी प्रधान के निर्देशन में आशुतोष वर्मा, जानकी साव, डॉ सरस्वती वर्मा के निर्देशन में किरण पांडे और डॉ अनसूया अग्रवाल के निर्देशन में प्रकाश यादव और मनु स्मृति इन सभी शोधार्थियों की उपस्थिति रही। महाविद्यालय के अन्य सदस्यों शोधार्थियों के परिवारजनों की भी उपस्थिति इस बैठक में रही। प्राचार्य प्रो करुणा दुबे कद्वारा इन सभी शोधार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के लिए ये गौरव शाली दिन है। हिंदी शोध केंद्र के पांच शोध निर्देशकों के अनुभव का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। विद्यार्थी अपने शोध कार्य को लगन और मेहनत से करेंगे। उपसंचालक, उच्च शिक्षा विभाग एवं शोध निर्देशक डॉ अनिल भतपहरी ने शोध केंद्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह केंद्र सही मायने में अग्रणी महाविद्यालय के अनुरूप है। यहां के शोधार्थी अपने शोध कार्य से पूरे दूसरे विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेंगे। शोध केंद्र की उपलब्धि पर कला संकाय प्रभारी डॉ रीता पांडेय, डॉ मालती तिवारी, डॉ नीलम अग्रवाल, विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ ई पी चेलक, वाणिज्य संकाय प्रभारी अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, डॉ अजय कुमार देवांगन, दिलीप बढ़ाई, कार्यालय प्रमुख मुकेश साहू, मनोज शर्मा, कुंदन देवांगन, राकेश जांगड़े ने हर्ष जताया है।

# ढाई साल से किसानों को बांटी नहीं गई कृषि सामग्री, 25 लाख का मिला था लक्ष्य, 20 लाख ही खर्च कर पाया विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जैविक खेती को बढ़ावा देने और मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए परंपरागत कृषि विकास (पीकेवीवाई) योजना के तहत किसानों को जैविक खाद, जैविक बीज, बावेरिया फसल कीटनाशक सहित कृषि मशीनरी वितरण किया जाता है। इस योजना का लाभ उन्हीं गांव के किसानों को मिलता है, जिन ग्रामों का विभाग द्वारा चयन किया जाता है। इसके तहत रायपुर जिले में तीन साल पहले आरंग क्षेत्र के 5 ग्रामों का चयन किया गया था, जिसके 625 किसानों को इस योजना के तहत 25 लाख रुपए की सामग्री खरीदी कर वितरण किया जान था, लेकिन विभाग करीब 20 लाख रुपए की सामग्री खरीदी कर किसानों को उपलब्ध करा पाया, शेष राशि का उपयोग ही नहीं किया गया, जिसके कारण यह राशि विभाग के पोर्टल खाते में ढाई साल से डंप पड़ी हुई है।



### इन पांच ग्रामों का किया गया था चयन

परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत वर्ष 2023 में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए आरंग विकासखंड के ग्राम चिखली, कुटेला, मोहमेला, अमसेना एवं धौराभांठा का चयन किया गया था। इन ग्रामों के 625 किसानों को इस योजना में शामिल कर उन्हें 5 सौ हेक्टेयर जमीन पर जैविक खेती करने के लिए जैविक खाद, जैविक बीज, बावेरिया तथा कृषि मशीनरी उपलब्ध कराया जाना था। खाद और बीज प्रति हेक्टेयर एक किलोग्राम तथा बावेरिया 10 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर उपलब्ध कराया जाना था। कृषि मशीनरी भी प्रति हेक्टेयर एक लीटर उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन विभाग ने कई किसानों को खाद, बीज तो कई किसानों को बावेरिया व कृषि मशीनरी उपलब्ध नहीं कराया।



|| जय देवांगन ||
|| जय मां परमेश्वरी ||
|| जय महाजन ||
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ
01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान
जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिंहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीत: प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग.(पंजीयन क्र. 2338)

## खबर संक्षेप

### नाबालिग की हुई मौत कारण अज्ञात, जांच जारी

**कांकेर।** चारामा सीएचसी में इलाज कराने के लिए लाए नाबालिग बालिका का घर में अज्ञात कारणो से मौत हो गई। कहाड़गोंदी निवासी बसंत जुर्री ने पुलिस को बताया कि मृतिका 16 वर्षीय तारणी जुर्री 29 मई को घर के सोफे में सो रही थी। उसकी मां उठाने के लिए गई। आवाज देने पर कोई जवाद नही आया तो छूकर उठाने की कोशिश किया। फिर भी कोई जवाब नही आने पर बीमार होगी सोचकर बालिका को सीएचसी चारामा लेकर गए। उपस्थित चिकित्सकों ने परीक्षण कर बताया कि बालिका की मौत हो चुकी है। मौत के कारण का पता नही चल पाया है। चारामा थाना में कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 27 वर्षीय जोहित कोरेटी ने 28 मई को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सीएचसी भानुप्रतापपुर के वार्ड बॉय ने अस्पताल अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, इलाज के लिए अस्पताल लाए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पत्रकारिता पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में संचालित रोजगारमूलक पाठयक्रम बीए (जेएमसी) सत्र के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुका है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इस पाठ्यक्रम में किसी भी विषय में 12 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते है।

# लोकतंत्र को मजबूत करने भारत निर्वाचन आयोग की बड़ी पहल


## आईआईआईडीईएम में प्रारंभ हुआ अब तक का सबसे बड़ा प्रशिक्षण बैच, छग से 96 निर्वाचन अधिकारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की आठवीं शृंखला का शुभारंभ आज नई दिल्ली स्थित भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन संस्थान में हुआ। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के 96 निर्वाचन अधिकारी सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश से आए बूथ लेवल अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइज़र्स, ईआरओ तथा डीईओ को संबोधित किया। उन्होंने निर्वाचन व्यवस्था को पारदर्शी, सुसंगत और विधिसम्मत बनाए रखने में इन अधिकारियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

उल्लेखनीय है कि यह अब तक का सबसे बड़ा प्रशिक्षण बैच है, जिसमें कुल 373 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें से उत्तर प्रदेश से 118, मध्यप्रदेश से 130, छत्तीसगढ़ से 96 और हरियाणा से 29 अधिकारी हैं। इस श्रृंखला के माध्यम से आयोग दो माह में अब तक 3, 720 से अधिक मैदानी चुनाव अधिकारियों को प्रशिक्षण दे चुका है।अपने संबोधन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 तथा




आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों की जानकारी को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करेगा कि चुनाव की समस्त प्रक्रिया विधिक प्रावधानों के अनुरूप संपन्न हों।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि प्रशिक्षण के दौरान वे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24() (जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर के समक्ष प्रथम अपील) और धारा 24(इ) (राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील) की प्रक्रिया से भी परिचित रहें। उन्होंने बीएलओ व पर्यवेक्षकों को सलाह दी कि वे क्षेत्रीय सत्यापन के समय इन प्रावधानों की जानकारी मतदाताओं को भी दें।

उल्लेखनीय है कि 6 से 10 जनवरी 2025 के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से किसी प्रकार की अपील प्राप्त नहीं हुई, जो क्षेत्रीय अधिकारियों के सतर्क, व्यवस्थित और तकनीकी रूप से दक्ष होने का प्रमाण है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता पंजीकरण, फॉर्म प्रबंधन और चुनाव प्रक्रियाओं के व्यावहारिक पक्ष को मजबूत करना है।

इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को ईवीएम, वीवीपैट और मॉक पोल से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर विशेष सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईटी टूल्स के उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया है। इससे अधिकारी डिजिटल प्रक्रिया, डेटा प्रबंधन और निर्वाचन प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता प्राप्त कर सकेंगे।

## आयोजन : विजेता और उपविजेता टीम को किया सम्मानित

# खेल से मिलती है अनुशासन की शिक्षा : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बावनकेरा में आयोजित क्रिकेट के समापन समारोह में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

ग्राम पंचायत बावनकेरा में युवा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महासमुंद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। आयोजन स्थल पर आयोजक टीम के युवाओं ने साहू का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। समस्त खिलाड़ियों से



परिचय प्राप्त कर साहू ने खेल का शुभारंभ करवाया। समापन स्पर्धा में विजेता व उप विजेता टीमों को उन्होंने सम्मानित किया।

स्पर्धा में शामिल खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि खेल से हमें अनुशासन की शिक्षा मिलती है। साथ ही आपसी समन्वय का भाव भी विकसित होता है। साहू ने आगे कहा कि युवाओं में छुपी प्रतिभा को सामने लाने में इस प्रकार के आयोजन सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने खेल में शामिल समस्त प्रतिभागी खिलाड़ियों को जीत से अति उत्साहित नहीं होने तथा पराजय से निराश नहीं होने की बात कही।

साथ ही अपनी प्रतिभा को और बेहतर ढंग से निखार कर आगे और बेहतर प्रदर्शन करने प्रेरित किया। इस अवसर पर आयोजक टीम अध्यक्ष तरेंद्र चंद्राकर, संरक्षक योगेश सिन्हा, द्रोण चंद्राकर, धनेश सिन्हा, चिंता राम कुर्रे, आयोजक युगल साहू, आबिद खान, रफीक रजा, सागर चंद्राकर, शमीम खान, रिजवान, वाज़िद खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी गण उपस्थित थे।

# सुदूर वनांचल में शिक्षा, संस्कृति और नवाचार का अनोखा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- हाइड्रोपोनिक खेती से लेकर ऑनलाइन कोचिंग तक आधुनिक शिक्षा की नई दिशा

जिले के सुदूरवर्ती वनांचल में स्थित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की सीमा से लगे गांव बिरकोल में संचालित प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बिरकोल आदिवासी विभाग द्वारा, छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत संचालित किया जा रहा है। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों को शैक्षणिक सुविधा, सुरक्षित आवास और समुचित देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जाती है। बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए छात्रावास में अनेक योजनाबद्ध गतिविधियों की व्यवस्था की गई है, जो उनके शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक




एवं शैक्षणिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सहायक हैं। प्रत्येक दिन की शुरुआत प्रातःकालीन सैर और योगाभ्यास से होती है। बच्चों की सुरक्षा को अत्यधिक प्राथमिकता देते हुए परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे हर गतिविधि पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। यह छात्रावास केवल एक आवासीय सुविधा नहीं है, बल्कि यह आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदायों के बच्चों के लिए शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उन्नयन का एक प्रभावशाली केंद्र बन गया है।

# अनुपयोगी सौर ऊर्जा इंटेकवेल को जल प्रदाय योजना से जोड़ने की अमर ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को ज्ञापन सौंपकर ग्राम समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत 48 ग्रामों को पानी दिये जाने निर्माणाधीन इंटेक वेल में बॅराज में पहले से निर्मित सौर ऊर्जा से संचालित इंटेकवेल को जोड़ने की मांग की है।

अमर ने बताया कि सौर ऊर्जा से संचालित एक इंटेक वेल 30 एचपी का मोटर लगाकर पूर्व में सिंचाई हेतु यहां स्थापित की गई थी। 15 करोड़ की लागत से बने उक्त इंटेकवेल वर्तमान में पूरी तरह से अनुपयोगी हो गए है।






यदि उक्त सौर ऊर्जा चलित इंटेकवेल को वर्तमान में समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत निर्माणाधीन इंटेकवेल से जोड़ दिया जाए तो क्षेत्र के ग्रामीणों को बिना बिजली खर्च के भरपूर मात्रा में निःशुल्क पानी मिल सकता है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा चलित इंटेकवेल के इस परियोजना में जुड़ने से जल वितरण क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। जिससे चिन्हित 48 गाँवों को तो भरपूर पानी मिलेगा ही, इसके अलावा भविष्य में और भी अनेक गांवों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा। कलेक्टर ने चंद्राकर की मांगों को गंभीरता से सूनकर आगामी टीएल बैठक में इस महत्वपूर्ण विषय पर रखने तथा आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# सिकासेर के पानी का लाभ खल्लारी को भी मिले: अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिले के सूखा प्रभावित क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ मिले

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता कहा है कि महासमुंद जिले वासियों और किसानों के लिए यह अच्छी खबर है कि गरियाबंद जिले से सिकासेर का पानी कोडार बांध में आयेगा। इससे महासमुंद जिले के सूखा प्रभावित क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ मिले।



दरअसल, 2700 करोड़ की लागत से सिकासेर का पानी अंडरग्राउंड पाइप लाइन से कोडार बांध पहुंचेगा। इससे गरियाबंद से कोडार के बीच के खल्लारी विधानसभा और बागबाहरा विकासखंड के किसानों को इसका लाभ नही मिलेगा। जबकि जमीन का उपयोग पूरा बागबाहरा विकासखंड का होगा। अंकित ने कहा कि प्रथम दृष्टया ये हम बागबाहरा विकासखंड के किसानों के साथ अन्याय है। क्योंकि हमारा विकासखंड सिंचाई के मामले में काफी पिछड़ा है।

अंकित ने जिलाधीश से आग्रह किया है कि सिकासेर की कार्ययोजना में ऐसी व्यवस्था बने कि रास्ते में पड़ने वाले स्टॉपडेम, तालाब, नहरों, चरौदा बांध, दरबेकेरा डायवर्सन, चंडी बांध, रोड़ा जलाशय, जामली, बोडराबांधा में छोटी नहर नालियों के रास्ते से सिकासेर का पानी बागबाहरा ब्लॉक को जरूर मिले, या नए बांध की व्यवस्था की जाए। नही होने पर हम यह अन्याय नहीं होने देंगे।



### मंडल स्तरीय विचार गोष्ठी आयोजित

**महासमुंद।** पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंडल स्तरीय विचार गोष्ठी सरायपाली विधानसभा के भाजपा मंडल बलौदा के ग्राम बलौदा में सुशासन, सनातन और संस्कृति के लिए समर्पित लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के स्मृति में भव्य एवं दिव्य विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक, हिंदू नेता विजय प्रधान, मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी, डॉ संकीर्तन प्रधान, राज कुमार पटेल, राज कुमार भोई, सुभाष प्रधान, शंकर मेहर, जनपद सदस्य उद्धव नंद, बेलमुंडी सरपंच महेश पटेल, वर्षा साहू, देवार्चन कुमार तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# सुभाष नगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के सुभाष नगर क्षेत्र में एक नवीन प्राथमिक केंद्र खोलने की मांग उठ रही है। हाल ही में प्रवास पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को इस संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के नेतृत्व में वार्ड नंबर 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि सुभाष नगर क्षेत्र में वार्ड नंबर 21, 22, 23, 24 और 25 सहित कुल पांच वार्ड शामिल हैं, जिनकी कुल आबादी लगभग 8, 000 है। इस क्षेत्र



में अधिकांश नागरिक निम्न आय वर्ग और गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले हैं। पार्षद बेलदार ने मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि प्राथमिक उपचार के लिए भी क्षेत्र के निवासियों को लगभग 3-4 किलोमीटर दूर स्थित जिला अस्पताल जाना पड़ता है। परिवहन के साधनों के अभाव में, विशेषकर गरीब तबके के लोगों को, काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है और समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती है। उन्होंने मंत्री जायसवाल से अनुरोध किया है कि सुभाष नगर में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की कृपा करें, ताकि क्षेत्र की जनता को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस कदम से हजारों लोगों को तत्काल और आवश्यक चिकित्सा देखभाल मिल सकेगी और उन्हें दूर स्थित अस्पताल जाने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।




# पीएम केंद्रीय विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के निर्देशानुसार देश के समस्त केंद्रीय विद्यालयों में भाषाई एकता बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन कर हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के पड़ोसी राज्य भगवान जगन्नाथ की धरती की भाषा उड़िया की जानकारी दी जा रही है। विद्यार्थी पूरे जोश के साथ ओडिशा के विविध संस्कृति से रूबरू हो रहे हैं।

भाषाई एकता का संबल प्रदान करने पीएम केवि महासमुंद में संजय कंसल प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन एवं जितेंद्र कुमार चंद्राकर के संयोजन में भारतीय भाषा समर कैंप में आर्ट कला नृत्य और वर्चुअल टूर आदि के माध्यम से कैंप में विविध प्रकार के आयोजन कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग प्रदान कर रहे है। छत्तीसगढ़ राज्य के पड़ोसी राज्य भगवान जगन्नाथ की धरती ओडिशा की मातृ भाषा उड़िया और सांस्कृतिक विरासत के बारे में राम मोहंती व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोनी ने विस्तृत जानकारी प्रदान कर कैंप में चार चांद लगा दिए। संजय कंसल प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत कर मोहंती का स्मृति



चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राम मोहंती ने विद्यालय के बच्चों से उड़िया, आंग्ल एवं हिंदी भाषा में वार्ता कर सभी बेहतरीन सत्र की शुरुआत की। कैंप में विवेकानंद प्रधान स्नातकोत्तर शिक्षक गणित द्वारा प्रत्येक दिन ओडिशा भाषा, उत्कल राज्य की स्थापना उड़िया वर्णो सहित अन्य रोचक जानकारी बच्चों को प्रदान किया जा रहा है। संजय कंसल के कुशल निर्देशन में विविधता में एकता की तर्ज पर कार्यक्रम आयोजित कर सीखने सिखाने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान कर रहे है। उन्होंने बच्चो से हिंदुस्तान की पहचान हमारी विविध भाषा, संस्कृति एवं सभ्यता है के बारे में बताते हुए भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि सभी भाषा के बारे ने जानने एवं समझने का सुनहरा अवसर भारतीय भाषा समर कैंप में मिल रहा है उन्होंने अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किए की अभिभावक बच्चों को कैंप में लगातार भेजकर सहयोग प्रदान कर रहे है। उन्होंने आगे कहा कि अन्य विद्यार्थियों को इस कैंप में आने प्रेरित करे। ताकि सभी लोग उड़िया भाषा की खूबसूरती को बारीकी से समझ सके। प्रधान ने ओडिशा राज्य के पर्यटक स्थल, स्थापना, उड़िया भाषा के व्याकरण अक्षर के साथ लिपि की जानकारी विद्यार्थियों को देते हुए उड़िया संवाद से बच्चों का ध्यानाकर्षण किया।

शिक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने कोणार्क मंदिर का वर्चुअल टूर वीडियो के माध्यम से कराकर विभिन्न भाषाओं की खूबसूरती के बारे ने बताया। पीएम केवि महासमुंद के 39 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर भाषा सीखने की दिशा में सार्थक कदम उठाया। इस अवसर पर संजय सिंह बघेल एवं नारायण यादव विशेष रूप से कैंप में उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहित कर सहयोग प्रदान कर रहे है।

